सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 18 | इंदौर, बुधवार 30 जुलाई, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ली कानून व्यवस्था पर उच्चस्तरीय बैठक**

# अपराध कैसे भी हों पुलिस त्वरित एक्शन सुनिश्चित करें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कैसे भी अपराध हों, उनके नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। अपराध नियंत्रण के कार्यों और नवाचारों में अनेक दृष्टि से मध्यप्रदेश आगे भी है। इस स्थिति को भी बेहतर बनाने के प्रयास हों। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अविश्वास पूरी तरह खत्म करना है। सभी वर्गों का विकास और सभी का हित सुनिश्चित करना है। विकास एवं सुरक्षा को पूरी प्राथमिकता देते हुए जन विश्वास को सशक्त बनाया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार की शाम मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में एक उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेश की कानून व्यवस्था की स्थिति पर वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों से भी जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए।



**पुलिस की उपस्थिति सड़क से लेकर जनता के हृदय तक हो**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहरों में प्रमुख मार्गों पर स्टंट करने वालों, हथियार लहराने वालों, गौवंश पर अत्याचार या नशे से जुड़े अपराधों में लिप्त तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही हो। पुलिस की उपस्थिति सड़क से लेकर जनता के हृदय तक होना हिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विभिन्न तरह के प्रकरणों में गृह विभाग और विधि विभाग समन्वय से आवश्यक प्रक्रियाओं के अनुसार कार्य पूर्ण करें। नए कानूनों के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश की सक्रिय भूमिका पर केन्द्रीय गृह मंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की है। अपराध नियंत्रण के कार्यों और गतिविधियों में मध्यप्रदेश के प्रयासों और नवाचारों की भारत सरकार ने प्रशंसा की है। यह स्थिति कायम भी रहे और इसका स्तर और भी ऊंचा हो, ऐसे प्रयास किए जाएं। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में नक्सल विरोधी अभियान के अंतर्गत जहां नक्सली तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई है, वहां सड़क निर्माण और अन्य विकास कार्यों को पूर्ण करने को भी प्राथमिकता दी जा रही है। गत 14 जून को बालाघाट जिले में 4 माओवादी मुठभेड़ में मारे गए। इससे कई हथियार भी जब्त किए गए। हाल ही में 19 जुलाई को बालाघाट के लांजी क्षेत्र में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के सीमावर्ती वन क्षेत्र में माओवादियों से हुई मुठभेड़ में कम्प्यूटर टैबलेट, दूरबीन और अन्य सामग्री जब्त की गई।

**मप्र विधानसभा**

## तीन वर्षों में 7,418 एससी और एसटी महिलाएं बनीं दुष्कर्म की शिकार, 338 मामलों में हुआ गैंगरेप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश में बीते तीन वर्षों (2022 से 2024) के दौरान अनुसूचित जाति (SC) और अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग की 7,418 महिलाएं दुष्कर्म का शिकार बनीं, जबकि 338 मामलों में गैंगरेप की घटनाएं हुईं। यह जानकारी सरकार ने विधानसभा के मानसून सत्र में दी। यह जवाब कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद द्वारा पूछे गए सवाल के उत्तर में दिया गया था। उन्होंने SC/ST वर्ग की महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के आंकड़े मांगे थे। सरकार ने कहा कि इन तीन वर्षों में जहां 147 अनुसूचित जाति की महिलाओं की हत्या की गई, वहीं 411 अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की हत्या हुई। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, SC वर्ग की महिलाओं के खिलाफ अपराध की प्रमुख श्रेणियों में 3 वर्षों के अंदर कुल 7,355 (2022), 7,343 (2023), और 7,100 (2024) मामले दर्ज हुए। वहीं ST महिलाओं के खिलाफ क्रमशः 7,498 (2022), 7,941 (2023) और 7,647 (2024) अपराध दर्ज किए गए। इनमें हत्या, दुष्कर्म, अपहरण, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ और अन्य अपराध शामिल हैं।

### डेढ़ साल में 21,175 महिलाएं और 1,954 बालिकाएं लापता

कांग्रेस विधायकों बाला बच्चन और सचिन यादव के सवाल पर सरकार ने बताया कि जनवरी 2024 से जून 2025 के बीच 21,175 महिलाएं और 1,954 नाबालिग बालिकाएं लापता हुई हैं। इस अवधि में 10,840 महिलाओं और बालिकाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हुईं, जिनमें से 4,805 महिलाएं और 6,035 नाबालिग थीं। सरकार ने यह भी बताया कि प्रदेश के 31 जिलों में 500 से अधिक महिलाओं के लापता होने की सूचना दर्ज की गई है। इनमें इंदौर (2,623), भोपाल (1,630), जबलपुर (1,458), छिंदवाड़ा (1,157), खरगोन (1,146), धार (1,057) और ग्वालियर (1,040) जैसे जिले शामिल हैं।

## एमपी में 25 लाख से ज्यादा पढ़े-लिखे युवा बेरोजगार, इंजीनियर-डॉक्टर-एमबीए तक कर रहे नौकरी का इंतजार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार की तलाश है। विधानसभा के मानसून सत्र में सरकार ने बताया कि राज्य में 25 लाख 68 हजार से अधिक आकांक्षी युवा हैं। इनमें बड़ी संख्या उन युवाओं की है, जो इंजीनियरिंग, एमबीबीएस, एमबीए और पोस्ट ग्रेजुएशन जैसी डिग्रियां प्राप्त कर चुके हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2.5 लाख से ज्यादा पोस्ट ग्रेजुएट, 86 हजार इंजीनियर, 18,800 एमबीए पास, और 4,800 से अधिक एमबीबीएस डिग्रीधारी युवा सरकारी नौकरी पाने के लिए पोर्टल पर पंजीकृत हैं। इसके अलावा 8.3 लाख ग्रेजुएट बेरोजगार भी हैं जो नौकरी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। जिलों की बात करें तो सागर में सबसे ज्यादा 95,835, भोपाल में दूसरे और ग्वालियर में तीसरे नंबर पर बेरोजगारों की संख्या दर्ज की गई है। सामाजिक वर्गों के हिसाब से देखें तो ओबीसी वर्ग से 10 लाख, एससी वर्ग से 4.69 लाख, एसटी वर्ग से 4.18 लाख और सामान्य वर्ग से 6.34 लाख बेरोजगार पोर्टल पर दर्ज हैं। पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक बाला बच्चन द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में सरकार ने बताया कि 30 जून 2025 तक रोजगार पोर्टल पर 25.68 लाख युवाओं ने पंजीकरण कराया है।

**गुंडागर्दी पर भाजपा संगठन सख्त, विधायक को चेतावनी**

# प्रदेश अध्यक्ष बोले-अगली गलती की जिम्मेदारी आपकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। इंदौर-3 से विधायक गोलू शुक्ला के बेटे की हालिया हरकतों को लेकर भाजपा संगठन ने सख्त रुख अपनाया है। बेटे रूद्राक्ष द्वारा उज्जैन के महाकाल मंदिर और देवास के चामुंडा मंदिर में पुजारियों के साथ की गई बदसलूकी पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और संगठन महामंत्री हितानंद ने मंगलवार को विधायक शुक्ला को पार्टी कार्यालय बुलाकर फटकार लगाई।**



बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने दो टूक कहा कि यदि अगली बार बेटे ने ऐसा कोई कृत्य किया, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी आपकी होगी। संगठन ने दो बार मंदिरों में हुए विवाद को गंभीरता से लिया है। महाकाल मंदिर में रूद्राक्ष द्वारा जबरन गर्भगृह में प्रवेश करने की कोशिश और चामुंडा टेकरी पर पुजारी से मारपीट की घटनाएं भाजपा नेतृत्व की नजर में अनुशासनहीनता की श्रेणी में रखी गई हैं।

**चार माह में दो घटनाएं बनीं कारण-** 21 जुलाई को महाकाल मंदिर में गर्भगृह में घुसने को लेकर विवाद हुआ, जबकि कुछ माह पहले देवास की चामुंडा माता टेकरी पर भी विधायक के बेटे द्वारा पुजारी से मारपीट का मामला सामने आया था। इन दोनों घटनाओं से संगठन में नाराजगी बढ़ी, जिसके बाद विधायक को स्पष्ट संदेश दिया गया कि ऐसा दोबारा नहीं होना चाहिए।

# नागपंचमी मनी, हुए परंपरागत दंगल बांबी पूजन के लिए लगी भीड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में नागपंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह से डेरों से निकल कर सपेरे घरों में नाग की पूजा कराने के लिए पहुंचे। वन विभाग की सख्ती के कारण उनकी संख्या इस बार ज्यादा नहीं रही। वहीं शहर के पाटनीपुरा और कुम्हारखाड़ी में परंपरागत दंगल भी हुए। जिसमें महिला पहलवानों ने पुरुष पहलवानों को पटखनी देकर हराया।**



पाटनीपुरा में मोनू मुनिया महिला पहलवान ने कुश्ती जीती। यह दंगल देखने के लिए काफी लोगों की भीड़ उमड़ी। विजेता पहलवान को पुरस्कारों से नवाजा गया। इसके अलावा छत्रीबाग में बांबी पूजन हुआ। महिलाएं यहां थाली में हल्दी-कुमकुम और फूल लेकर आई और बांबी की पूजा की। कुम्हारखाड़ी स्थित प्राचीन नाग मंदिर में सुबह चार बजे से ही दर्शन पूजन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर के व्यवस्थापक दिनेश कश्यप के अनुसार यह मंदिर लगभग सत्तर साल पुराना है। नागपंचमी के दिन यहां दूर-दूर से भक्त दर्शन करने आते हैं। कई लोगों की मनोकामना पूर्ण होती होती है। सुदामा नगर स्थित कालेश्वर धाम नाग मंदिर में नाग पंचमी महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस मंदिर में छह फीट लंबी चांदी की नाग प्रतिमा विराजमान है। दर्शन मात्र से श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होने की मान्यता है। भैयाजी ने बताया कि नाग देवता का महाअभिषेक सुबह 9 बजे से किया गया। इसके पश्चात दोपहर में भजन हुए। जिसमें भक्त शामिल हुए। रात्रि 8 महाआरती का आयोजन किया गया। सुबह से रात तक मंदिर में दर्शन के लिए भीड़ उमड़ी।

## शहर के 100 चौराहों पर लगेंगे नए स्मार्ट सिग्नल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर शहर में निरंतर बढ़ते वाहन दबाव के चलते कई चौराहों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। वर्तमान में शहर के 39 चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगे हैं, लेकिन यह संख्या अब बढ़ाकर 100 की जाएगी। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्देश दिए गए कि नए सिग्नलों की स्थापना के लिए शीघ्र टेंडर आमंत्रित किए जाएं। साथ ही, बार-बार खराब होने वाले पुराने सिग्नलों को हटाकर तकनीकी रूप से उन्नत सिग्नलों को स्थापित किया जाएगा।**

सभी सिग्नलों की टाइमिंग अब ट्रैफिक दबाव के आधार पर वैज्ञानिक तरीके से निर्धारित की जाएगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि सिग्नल व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित रखने के लिए सौर ऊर्जा या बैटरी बैकअप की वैकल्पिक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इस कदम से ट्रैफिक की सुगमता, सड़क दुर्घटनाओं में कमी और वाहन चालकों को राहत मिलेगी। बैठक में ई-चालान की प्रभावशीलता, ट्रैफिक प्रबंधन और नियमों के सख्त पालन को लेकर भी कई निर्णय लिए गए। बैठक में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मनोज श्रीवास्तव, स्मार्ट सिटी सीईओ दिव्यांक सिंह, इंदौर विकास प्राधिकरण के सीईओ आर.पी. अहिरवार, यातायात पुलिस, परिवहन विभाग व अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यह भी सामने आया कि दस से अधिक बार यातायात नियम तोड़ने वाले 29 वाहनों के पंजीयन परिवहन विभाग द्वारा निरस्त कर दिए गए हैं। इन वाहनों को अब जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक और परिवहन विभाग मिलकर इस कार्रवाई को अंजाम देंगे। आगामी समय में पांच बार से अधिक यातायात नियम तोड़ने वाले वाहनों के पंजीयन भी निरस्त किए जाएंगे। वहीं, कलेक्टर ने ई-चालान वसूली व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इसके तहत आगामी कुछ चौराहों पर ई-चालान वसूली को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया जाएगा और सफल रहने पर इसे पूरे शहर में फैलाया जाएगा।

### राजबाड़ा में चलाया जागरूकता अभियान

# सफाई कर्मचारियों के साथ स्टूडेंट्स ने लगाई झाड़ू




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (ICSI) के इंदौर चैप्टर और इंदौर नगर निगम ने मंगलवार को राजबाड़ा सर्कल में स्वच्छ भारत अभियान आयोजित किया। इसका उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता फैलाना और युवाओं, विशेष रूप से स्टूडेंट्स को राष्ट्रहित में सफाई अभियान से जोड़ना रहा।**

'स्वच्छता ही सेवा है' की भावना के साथ स्टूडेंट्स और सदस्यों ने सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर राजबाड़ा क्षेत्र में सफाई भी की। प्रोग्राम के दौरान लगातार 8वीं बार नंबर 1 आने पर नगर निगम कर्मचारियों का सम्मान किया और महिला सफाई कर्मचारियों को साड़ी भी वितरित की।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में अपर आयुक्त स्वच्छ भारत मिशन अभिलाष मिश्रा रहें। उन्होंने प्रोग्राम में मौजूद सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलवाई और जागरूकता का संदेश दिया। साथ ही निगम के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अखिलेश उपाध्याय विशेष रूप से शामिल हुए। प्रोग्राम में इंदौर चैप्टर के चेयरमैन सीएस अमित कुमार बारंगे, सचिव सीएस मनीष जोशी, सीएस अंकित मेड़तवाल, सीएस सुरभि अग्रवाल, सीएस पलाश जैन सहित संस्थान के स्टूडेंट्स, सदस्य व नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहें। इस अभियान के माध्यम से संदेश दिया गया कि स्वच्छ भारत के निर्माण में हर व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है।

## अच्छे कार्य के लिए मुक्त हस्त से सहयोग आपके भाग्योदय का योग है : भरत मोदी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। दुनिया में बहुत से कार्य हैं और प्रतिदिन के जीवन और सार्वजनिक समाज के कार्यों में रत रहते हुए भी निस्पृह भाव से जीना और कार्य करना ,भारतीय और जैन जीवन दर्शन की विशेषता है।कर्म प्रधान और धर्म प्रधान जीवन भारतीय दार्शनिक परम्परा विश्व में अनूठी है।यही कारण है कि हम विश्व में सर्वोपरि रहे कभी खत्म नहीं हुए।

खाली हाथ आकर खाली हाथ जाने से पहले कुछ कर जाना ही जीवन सदुपयोग है।इसलिए जिंदगी में अच्छे कार्यों, रचनात्मक कार्यों जो मानव धर्म के लिए सदुपयोगी है, उसे करने में मुक्त हस्त से सहयोग करना, मोक्ष मार्ग में आपके भाग्योदय का योग है।



उक्त विचार प्रसिद्ध उद्योगपति और वरिष्ठ समाज सेवी श्री भरत मोदी जी ने दृष्टिबाधित दिव्यांग जन के स्किल डेवलपमेंट शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि एवं मुख्य लाभार्थी के रूप में बोलते हुए व्यक्त किए।

ज्ञातव्य है कि महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन, मिसो इंदौर चैप्टर द्वारा आयोजित पांच दिवसीय दृष्टि बाधित दिव्यांग बच्चों के स्किल डेवलपमेंट के प्रदेश के पहले शिविर का आज समापन था,जिसमें विभिन्न प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया और प्रमाण पत्र वितरित किए गए।पूर्व सांसद और मिसो के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्री डॉक्टर पुष्प जी जैन ने बच्चों की हौसला अफजाई की और मोटिवेशन दिया।उन्होंने कहा कि ये बच्चे सही रूप में समाज जागृति की मशाल हैं ये एक साथ चलने के जिस भेद को जानते हैं उसे आंख वालों को सीखने की आवश्यकता है।

सर्वश्री हुलास जी बेताला ने अध्यक्षीय भाषण दिया।जितेंद्र चोपड़ा ने स्वागत भाषण दिया।राष्ट्रीय महामंत्री श्री लोकेश कावड़िया ने शिविर की महत्ता पर प्रकाश डाला।शिक्षकों की महता पीयूष जैन ने बताई।प्रकाश भटेवरा ने आभार व्यक्त किया। प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण श्री भरत मोदी,श्रीमती कुसुम मोदी, अशोक जैन,अरुण कुमार जैन,सुरेंद्र डाकलिया,सुरेश बाफना, राजेंद्र बेताला , सुनील बेताला ने वितरित किए। तत्पश्चात लाभार्थी परिवारों का स्वागत किया गया।प्रतिभागियों की बिदाई का क्रम चालू हो गया और कई प्रतिभागियों ने अपने संस्मरण सुनाए।

## राजीव गांधी से राऊ सर्कल तक सड़क का होगा अपग्रेडेशन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राजीव गांधी चौराहा से राऊ रोटरी तक 1.30 किलोमीटर लंबी पुरानी एबी रोड को व्हाइट टॉपिंग के जरिए सुधारा जाएगा। पीडब्ल्यूडी इस प्रोजेक्ट पर करीब छह करोड़ रुपए खर्च करेगा। इसे पूरा करने के लिए चार महीने का समय तय किया है। इससे न केवल सड़क की स्थिति बेहतर होगी, बल्कि लोगों को गड्ढों और जलजमाव की समस्या से भी राहत मिलेगी। इस व्यस्त मार्ग पर गड्ढों और जलभराव की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। राजीव गांधी चौराहा से राऊ रोटरी तक का यह हिस्सा शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक है। इस रूट पर स्कूल, कॉलेज, औद्योगिक क्षेत्र और बायपास की कनेक्टिविटी है। इस कारण यहां हर दिन हजारों वाहन गुजरते हैं। लंबे समय से इस सड़क की स्थिति खराब है। बारिश में गड्ढों और कीचड़ के कारण यात्रियों को खासी परेशानी होती है। स्थानीय रहवासियों और व्यापारियों ने कई बार शिकायतें की। अब मरम्मत के बजाय व्हाइट टॉपिंग को स्थायी समाधान के रूप में चुना गया है।

◆ सुप्रीम कोर्ट सड़क सुरक्षा समिति अध्यक्ष ने कहा-

# छह माह में ट्रैफिक सुधार के परिणाम लाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में ट्रैफिक सुधार को लेकर सुप्रीम कोर्ट सड़क सुरक्षा समिति अध्यक्ष व न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने अफसरों को निर्देश दिए है कि वे ट्रैफिक सुधार को लेकर ठोस योजना बनाए। उस पर काम करें और छह माह के भीतर परिणाम लाए। उन्होंने सड़क हादसों में होने वाली मौतों को रोकने पर भी जोर दिया। सप्रे ने अफसरों की बैठक ली और बायपास पर हो रहे ब्रिजों के निर्माण को जाकर भी देखा।**



बैठक में उन्होंने कहा कि हेलमेट पहनन, सीट बेल्ट लगाने और यातायात के पालन की आदतों को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक संगठनों की मदद लें। विद्यार्थियों के बीच जाए और उन्हे इसका महत्व समझाएं। शराब पी कर वाहन चलाने वालों तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाये। लोक परिवहन वाहनों को बढ़ावा दिया जाए, जिससे सड़कों पर चलने वाले छोटे वाहनों की संख्या में कमी लाई जा सकें। उन्होंने निर्देशित किया कि पुलिस विभाग सहित अन्य सभी शासकीय कर्मियों को वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना तत्काल रूप से अनिवार्य किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि स्कूलों एवं कॉलेजों सहित अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों को भी हेलमेट पहनना अनिवार्य किया जाए। न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने कहा कि इंदौर को स्वच्छता के साथ ही सड़क सुरक्षा एवं यातायात सुधार के क्षेत्र में भी देश में अव्वल हो सकता है। इंदौर में वह सभी क्षमताएं मौजूद हैं, जो यह कर दिखाने के लिए जरूरी है। यातायात सुधार से जुड़े कामों के लिए सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा संबंधी समिति पूरा सहयोग प्रदान करेगी।

बैठक में इंदौर जिले में पांच वर्षों में हुई सड़क दुर्घटनाओं, ब्लैक स्पाट व उनके सुधार के कामों की समीक्षा की। सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु की संख्या में कमी लाने पर जोर दिया गया। अफसरों से कहा गया कि वाहनों की फिटनेस की निरंतर चेकिंग होना चाहिए। ड्राइविंग टेस्ट में भी सख्ती बरतें। वाहनों का बीमा अनिवार्य रूप से कराया होना चाहिए। वाहनों की ओव्हरलोडिंग को रोकने के लिये विशेष प्रयास हो। मानक स्पीड में वाहन नहीं चलाने वालों के विरूद्ध यातायात पुलिस सख्ती से कार्रवाई करें। सड़क दुर्घटना में घायलों के लिये संचालित राहवीर योजना और कैशलेस ट्रीटमेंट योजना के क्रियान्वयन के निर्देश भी बैठक में दिए गए।न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने कहा कि बैठक में दिये गये निर्देशों का समय सीमा में सभी विभाग पालन करें। इसकी रिपोर्ट कलेक्टर व जिला सड़क सुरक्षा समिति को दें।

NHAI और ठेकेदार एक माह में पूरा करें काम

## हाईकोर्ट की नाराजगी, कहा- पहले सर्विस रोड जरूरी थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर बायपास पर अर्जुन बड़ोद और एमआर-10 जंक्शन के बीच फ्लॉयओवर निर्माण से हो रही यातायात समस्या को लेकर दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। अदालत ने एनएचएआई को फटकार लगाते हुए कहा कि सर्विस रोड का निर्माण पहले किया जाना चाहिए था। जाम के चलते तीन लोगों की जान जाने की घटना को गंभीर मानते हुए कोर्ट ने विभाग और ठेकेदार दोनों की ज़िम्मेदारी तय की है। अब 30 दिन में सुधार कार्य कर रिपोर्ट पेश करना अनिवार्य किया गया है।**

अर्जुन बड़ोद में फ्लॉयओवर निर्माण के चलते 24 जून 2025 को भारी जाम लगा, जिसमें तीन मरीज समय पर अस्पताल न पहुंच पाने के कारण दम तोड़ बैठे। इस घटना के बाद जनहित याचिका दाखिल की गई थी, जिस पर सोमवार को हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच - जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस बिनोद कुमार द्विवेदी ने विस्तृत आदेश जारी किया। अदालत ने स्पष्ट कहा कि इंडियन रोड कांग्रेस के दिशा-निर्देशों के अनुसार किसी भी पुल, फ्लॉयओवर या सबवे के निर्माण से पहले वैकल्पिक सर्विस रोड तैयार करना जरूरी था। इसके अलावा, सुचारु यातायात के लिए अस्थायी डायवर्जन, संकेतक, ट्रैफिक कंट्रोलर, और सुरक्षा उपकरणों की स्थापना पहले से सुनिश्चित की जानी चाहिए थी। कोर्ट ने एनएचएआई और निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि वे निर्माण कार्य की निगरानी करें और 30 दिन के भीतर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही, सड़क की साइडलाइन की चौड़ाई और मजबूती ट्रैफिक लोड के अनुसार डिजाइन की जानी चाहिए थी। यदि समय सीमा में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ तो याचिका दोबारा सूचीबद्ध की जाएगी।

## नगर निगम ने तोड़े दो जर्जर मकान

पुलिस की निगरानी में हटाए मकान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** नगर निगम की टीम ने मंगलवार को दो अलग-अलग जगह रिमूवल की कार्रवाई की। टीम ने दो जर्जर मकानों को जमींदोज किया। बता दें कि नगर निगम द्वारा बारिश को देखते हुए जर्जर मकानों को तोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज जेल रोड इलाके और सदर बाजार में ये कार्रवाई की गई।



नगर निगम रिमूवल टीम जेल रोड क्षेत्र में पहुंची। यहां हेमंत चिंतामण पाठक के जर्जर मकान को तोड़ा गया। अमले ने मकान तोड़ने से पहले क्षेत्र में आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी। इसके बाद पोकलेन मशीन से जर्जर मकान को ढहाया गया। इस कार्रवाई के दौरान भवन अधिकारी अश्विनी जनवदे, सहायक रिमूवल अधिकारी बबलू कल्याणे सहित नगर निगम की टीम व पुलिस का अमला मौजूद रहा। इसके बाद टीम सदर बाजार इलाके में जेसीबी मशीन के साथ पहुंची। यहां भी एक जर्जर मकान को जमींदोज किया गया। इस कार्रवाई से पहले टीम ने आवाजाही बंद कर दी थी। बता दें कि नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देश पर नगर निगम शहर में खतरनाक व जर्जर भवनों को हटा रहा है।

### नवविवाहिता ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** चंदन नगर इलाके में रविवार रात एक 23 वर्षीय नवविवाहिता पायल संदिग्ध हालात में जल गई थी। उसे गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां सोमवार रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पायल के मायके वालों ने उसके पति शंकर पर जलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने शंकर को पकड़कर खुद पुलिस के हवाले किया। फिलहाल आरोपी पति पुलिस हिरासत में है। पायल की शादी करीब पांच साल पहले शंकर से हुई थी। उसका एक चार साल का बेटा और पांच महीने की बेटी है। परिजनों ने बताया कि ससुराल में किसी सदस्य के ऑपरेशन के लिए 50 हजार रुपए की जरूरत थी। इसी को लेकर पायल पर मायके से पैसे लाने का दबाव बनाया जा रहा था। मायके पक्ष ने बताया कि रुपए न दे पाने पर रविवार को पायल और शंकर के बीच विवाद हुआ।

## प्रवेश बंद फिर भी लग रहा जाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर-खंडवा रोड पर सावन माह में ओंकारेश्वर और उज्जैन तक चलने वाली कांवड़ यात्राओं को देखते हुए इंदौर प्रशासन ने सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। लेकिन इस प्रतिबंध के बाद भी भारी वाहन खंडवा रोड पर पहुंच रहे है जिससे खंडवा रोड पर जाम की स्थिति बन रही है। दरअसल, भारी वाहन चालक वैकल्पिक मार्गों से खंडवा रोड तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। इंदौर बायपास के तेजाजी नगर चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस को तैनात किया गया है, ताकि खंडवा रोड पर सीधे प्रवेश को रोका जा सके, लेकिन चालकों ने रास्ता बदलकर रालामंडल मार्ग से होकर खंडवा रोड पर पहुंचना शुरू कर दिया है।

जिससे रालामंडल मार्ग और खंडवा रोड दोनों जगह ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है। कल यानी सोमवार को इंदौर से श्रद्धालु ओंकारेश्वर दर्शन के लिए खंडवा रोड की ओर निकले थे, लेकिन भारी वाहनों और कांवड़ यात्राओं की भीड़ के कारण जाम लग गया। इस रोड पर सबसे हैरानी की बात यह है कि पूरे मार्ग पर कहीं भी पुलिस बल तैनात नहीं दिखता है, जिससे स्थिति और बिगड़ जाती है। इंदौर से ओंकारेश्वर जा रहे श्रद्धालुओं को महज 60 किलोमीटर की दूरी तय करने में तीन से चार घंटे लग रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि वैकल्पिक मार्गों पर भी ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाए, ताकि जाम की स्थिति से राहत मिल सके।

## पति ने पत्नी पर किया चाकू से हमला, घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** सांवरिया धाम मंदिर के पास मूसाखेड़ी क्षेत्र में 30 वर्षीय पूजा सेन पर उसके पति नितेश सेन ने चाकू से हमला कर दिया। पीठ में गंभीर चोट आने के बाद उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। महिला ने बताया कि पति दो दिन से बहकी-बहकी बातें कर रहा था। पुलिस ने नितेश को हिरासत में लिया। आजाद नगर पुलिस ने बताया कि पूजा सेन और उसके पति नितेश सेन लांड्री का काम करते हैं। पूजा ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि नितेश रात में 2-3 बजे के बीच जाग जाता है और कहता है कि "बाहर भीड़ जमा है जो मुझे मारने वाली है, उन्हें हटाओ।" रविवार रात भी ऐसा ही हुआ। जब पूजा बाहर गई तो वहां कोई नहीं था। इसी दौरान नितेश ने दरवाजा बंद कर दिया और पूजा को अंदर नहीं आने दिया। सोमवार सुबह जब पूजा दरवाजा खोलने पहुंची, तो नितेश ने अपशब्द कहते हुए मारपीट शुरू कर दी और फिर चाकू से उसकी पीठ पर हमला कर दिया। चीख सुनकर आसपास के लोग जमा हुए और नितेश को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पूजा की ननद मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल पहुंचाया।

## छात्रसंघ चुनाव कराने को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर सहित मध्यप्रदेश के महाविद्यालयों में प्रत्यक्ष प्रणाली से छात्र संघ चुनाव कराने की मांग को लेकर मंगलवार को इंदौर शहर कांग्रेस ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय का घेराव किया। छात्र नेताओं ने रजिस्ट्रार प्रज्वल खरे को राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर छात्रसंघ चुनाव कराने और महाविद्यालय एवं छात्रावास में छात्र-छात्राओं की समस्याओं के निराकरण की मांग की। इस प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस पर बीजेपी हमलावर हो गई। बीजेपी का कहना है कि जो खुद की शहर कमेटी का गठन नहीं करवा पा रहे हैं वह छात्र संघ चुनाव की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शन करने पहुंचे छात्र नेता राकेश यादव ने कहा कि जब प्रत्यक्ष प्रणाली से लोकसभा-विधानसभा चुनाव कराए जा सकते हैं, तो विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों के क्यों नहीं करा सकते। विवि-महाविद्यालय में छात्र संघ प्रतिनिधि नहीं होने से छात्र - छात्राओं की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। यादव ने बताया कि छात्र-छात्राएं प्रवेश सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा छात्रावास प्रभारी प्रताड़ित कर रहे हैं। निजी और सरकारी कॉलेज व विश्वविद्यालय में प्रवेश के दौरान मौजूदा स्टॉफ मनमानी करता है। दलाल सक्रिय रहते हैं, जो विद्यार्थियों से पैसे लेकर प्रवेश दिलाते हैं। इन पर सख्त कार्यवाही की जाए।

# सीएम बोले-ओबीसी को देंगे 27% आरक्षण

## जातिगत जनगणना भी कराएंगे, विधानसभा में अनुपूरक बजट पेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा परिसर में मीडिया से चर्चा करते हुए सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार ओबीसी वर्ग को 27% आरक्षण देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और जातिगत जनगणना को लेकर भी भाजपा सरकार गंभीर प्रयास कर रही है। इसके साथ ही, विधानसभा में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने 2025-26 का पहला अनुपूरक बजट पेश किया, जिस पर बुधवार को चर्चा की जाएगी।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह गर्व की बात है कि मध्यप्रदेश को "टाइगर स्टेट" के रूप में देशभर में पहचान मिली है। उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल में दो नए टाइगर रिजर्व रातापानी और माधव नेशनल टाइगर रिजर्व की स्थापना की गई है। साथ ही वन्यजीवों और वनों के संरक्षण के लिए वफर जोन में टाइगर सफारी जैसी योजनाएं तैयार की जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव



ने कांग्रेस विधायकों द्वारा विधानसभा में गिरगिट और भैंस का वेश धरकर किए गए प्रदर्शन पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा, "आप ढाई लाख लोगों के बीच से चुनकर आए हैं, मर्यादा में रहकर अपनी बात कहिए। जब आप भैंस या गिरगिट का रूप धरते हैं, तो उन प्राणियों पर दया आती है कि मनुष्य उनका रूप धरकर क्या साबित करना चाहता है।" उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनका चरित्र आज़ादी के बाद से ही रंग बदलने वाला रहा है और उनके समय में प्रदेश का विकास अवरुद्ध रहा। मुख्यमंत्री ने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा, "हमारी सरकार निश्चित रूप से ओबीसी वर्ग को 27% आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। जिन विभागों में कोर्ट की रोक नहीं है, वहां आरक्षण लागू किया जा चुका है। जहां मामला कोर्ट में लंबित है, वहां भी सरकार लिखित रूप से 27% आरक्षण का समर्थन कर रही है। डॉ. यादव ने कहा कि पिछड़ों की जातिगत जनगणना को रोकने का पाप कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने किया था। इसके बाद इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की सरकारों ने भी इस विषय पर कोई पहल नहीं की। जबकि भाजपा सरकार समाज में संतुलन और न्याय सुनिश्चित करने के लिए जातिगत जनगणना करवा रही है।

# मप्र वक्फ बोर्ड की बड़ी कार्रवाई, 27 करोड़ की वसूली का नोटिस जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राजधानी में वक्फ ने संपत्तियों के अवैध कब्जेदार के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया गया है। मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के इतिहास में आज तक की सबसे बड़ी रकम की वसूली का नोटिस जारी किया गया है। वक्फ बोर्ड ने 27 करोड़ की वसूली का नोटिस जारी किया है।

नोटिस ईदारा यतीम खाना के प्रबंधक शाहिद अली खान को जारी किया। शाहिद अली पर वक्फ बोर्ड की प्रॉपर्टी को अपना बताकर किराए से देने का आरोप लगा है। आरोप है कि शाहिद अली ने 200 दुकानों को अवैध रूप से किराए पर दे दिया. फिर इनसे 24 करोड़ 85 लाख रुपये की वसूली भी कर ली. इतना ही नहीं उन पर वक्फ बोर्ड के प्रावधानों के उल्लंघन का भी आरोप लगा है। दरअसल बेसहारा बच्चों के लिए नवाब शाहजहां बेगम ने अपनी प्रॉपर्टी वक्फ को दान की थी। आरोप है कि दान की गई इस प्रॉपर्टी का गलत इस्तेमाल किया गया है। इस प्रॉपर्टी का इस्तेमाल




निजी कमाई के लिए किया गया। मामले सामने आने के बाद अब मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड ने बड़ी कार्रवाई की। बोर्डने 27 करोड़ से ज्यादा की रिकवर का नोटिस जारी किया है। माना जा रहा है कि देश में वक्फ बोर्ड की प्रॉपर्टी के गलत इस्तेमाल पर इतनी बड़ी वसूली नोटिस का ये पहला मामला है। आरोप है कि बोर्ड की इजाजत के बाद 21 साल से इज्तिमा बाजार लगाया जा रहा था। 200 दुकानों से 24 करोड़ से ज्यादा की वसूली की गई, जिसका कोई हिसाब-किताब नहीं है। इसके साथ ही वक्फ बोर्ड की प्रॉपर्टी को निजी बताकर एक अस्पताल को किराए पर दे दिया गया। वक्फ बोर्ड के मुताबिक यतीम-गरीब मुस्लिमों के हक पर डाका डालने वाले से वसूल कर गरीब बच्चों के कल्याण और शिक्षा में वसूली की रकम खर्च की जाएगी।

# जन्माष्टमी पर होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए प्रदेश के 10 शहरों को इंदौर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए प्रदेश के कम से कम 10 शहर इंदौर की तर्ज पर विकसित करने के लक्ष्य के साथ कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक विधानसभा स्थित समिति कक्ष क्रमांक एक में वंदे मातरम के गान के साथ आरंभ हुई।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी को नागपंचमी की शुभकामनाएं देने के साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में प्रदेश की उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर के सम्मान से सम्पूर्ण प्रदेश और हर नागरिक गौरवान्वित हैं। इंदौर ने देश के नंबर वन शहर का सम्मान लगातार आठवें साल में बनाए रखा और भोपाल को देश का दूसरा स्वच्छ शहर चुना गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रिपरिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के 338 शहर ओडीएफ डबल प्लस और 24 शहर वॉटर प्लस का प्रमाण-पत्र पाने में सफल रहे। उज्जैन संभाग के 66 में से 56 शहरों ने अपनी रैंक को सुधारा है। साथ ही 41 क्षेत्रों को स्टार रेटिंग मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जन्माष्टमी के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित





किया जायेगा।

### पर्यटन उत्पादों को मिलेगा एक मंच

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 11 से 13 अक्टूबर तक भोपाल में मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट (एम.पी.टी.एम) का आयोजन किया जाएगा। इस उद्देश्य से प्रदेश के पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिए पर्यटन क्षेत्र के हितधारकों जैसे होटल मालिकों, रिसोर्ट मालिक, परिवहन ऑपरेटरों, ट्रैवल टूर ऑपरेटरों को अपने पर्यटन उत्पादों के प्रचार-प्रसार और व्यावसायिक चर्चा के लिए एक मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इसकी पूर्व तैयारियों के रूप में 12-13 अगस्त को ग्वालियर और 20-21 सितम्बर को इंदौर में रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। प्रदेश में जारी रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव, मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट की पूर्व तैयारियों के रूप में आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के प्रमुख झरनों और मंदसौर के धर्मराजेश्वर जैसी विलक्षणता लिए स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागपंचमी के संदर्भ में महाकालेश्वर मंदिर की महिमा और पचमढ़ी स्थित नागद्वारी के लिए मध्यप्रदेश और महाराष्ट्रवासियों में विद्यमान आस्था के संबंध में चर्चा की।

# पूर्व विधायक के घर में नौकरानी ने सुसाइड किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना, एजेंसी। चित्रकूट में कांग्रेस के पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी के घर में 24 साल की युवती ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि कुमारी सुमन निषाद नाम की यह युवती चतुर्वेदी के घर में काम करती थी।**

घटना मंगलवार शाम करीब 4 बजे की बताई जा रही है। सुमन ने तीसरी मंजिल पर पूर्व विधायक की लाइसेंसी पिस्टल से अपने दाहिने कान के ऊपर कनपटी में गोली मारी। चित्रकूट थाना पुलिस फौरन मौके पर पहुंची



और घायल सुमन को जानकीकुंड अस्पताल ले गई। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की गहन जांच के लिए नयागांव थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची है। पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है। अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर सुमन ने यह कदम क्यों उठाया? सुमन निषाद पिता अर्जुन निषाद कटरा गुदर, थाना कोतवाली कर्वी, चित्रकूट की रहने वाली थी। जानकारी के मुताबिक सुमन की मां भी पिछले कई सालों से नीलांशु चतुर्वेदी के घर में खाना बनाने, बर्तन धोने और कपड़े साफ करने का काम कर रही है। पिस्टल पूर्व विधायक की लाइसेंसी बताई जा रही है। मौके पर फॉरेंसिक टीम के साथ चित्रकूट टीआई एवं एसडीओपी जांच में जुटे हैं। अभी तक इस मामले से मीडिया को दूर रखे हुए है।

# सो रही बुजुर्ग की गला घोंटकर हत्या

**जबलपुर, एजेंसी।** शहर के जयप्रकाश नारायण वार्ड में रहने वाली 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी गई। अज्ञात आरोपियों ने हाथ-पैर बांधकर हीराबाई चौधरी का गला घोंटा। इस दौरान वहां सो रहीं बुजुर्ग की दो नाबालिग पोतियों को बेहोश कर उनके भी हाथ-पैर बांधे गए थे। हालांकि उन्हें कोई चोट नहीं लगी है। घटना की जानकारी मिलने ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया और जांच शुरू कर दी। परिजन ने पड़ोस में रहने वाले गुप्ता परिवार के एक व्यक्ति पर शक जताया है। उनका कहना है कि पुराना विवाद चल रहा था। संभवतः उसी ने हत्या की है। वहीं, बुजुर्ग के साथ सो रही उसकी पोतियों ने पुलिस को बताया-सुबह कोई व्यक्ति आया था, जिसने बेहोशी की दवा छिड़ककर हमें बेहोश किया, हाथ-पैर बांधे और फिर दादी को मार दिया।

# 8 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए नागचंद्रेश्वर के दर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** नागपंचमी के मौके पर मध्यप्रदेश के शिवालयों और नाग मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। उज्जैन में श्री महाकालेश्वर मंदिर की तीसरी मंजिल पर स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट रात 12 बजे खोले गए। महानिर्वाणी अखाड़ा के महंत विनीत गिरी महाराज ने त्रिकाल पूजन किया। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए दर्शन का सिलसिला शुरू हुआ। दोपहर 2 बजे तक 8 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे। बारिश के बावजूद गेट नंबर 4 पर भक्तों की 2 किमी लंबी लाइन लगी है। श्री नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट हर साल सिर्फ एक बार नागपंचमी के दिन 24 घंटे के लिए खोले जाते हैं। क्राउड मैनेजमेंट और सिक्योरिटी के लिए 200 सीनियर अफसर, 2500 कर्मचारी, 1800 पुलिसकर्मी और 560 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।


# दस्तक अभियान 16 सितम्बर तक चलेगा

**भोपाल , एजेंसी।** प्रदेश में डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान' थीम पर आधारित स्टॉप डायरिया केम्पेन सह दस्तक अभियान 22 जुलाई से शुरू हो गया है और अभियान 16 सितम्बर तक चलेगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने नगरीय निकायों में की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में निर्देश जारी किए है। नगरीय निकायों को निर्देश दिए गये हैं कि विशेष सफाई अभियान में खुले एवं संवेदनशील क्षेत्रों में कचरे को फेंकने से रोकने, नालियों में रूके हुए पानी एवं गाद को साफ करने का काम प्राथमिकता से किया जाए। नगर की कम आय वर्ग और झुग्गी बस्तियों में विशेष स्वच्छता अभियान का संचालन किया जाए। इसी के साथ नगरीय निकायों में कचरा संग्रहण, परिवहन और उसका प्रसंस्करण नियमित किया जाए।

## संपादकीय

### दुनिया के किसी नेता ने ऑपरेशन रोकने को नहीं कहा

लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा में बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुनिया के किसी भी देश ने भारत को ऑपरेशन रोकने को नहीं कहा। उन्होंने कहा कि 9 मई की रात अमेरिका के उपराष्ट्रपति ने मुझसे फोन पर बात करने के लिए 3-4 बार कोशिश की। मैं बिजी था। फिर जब बात हुई तो उन्होंने बताया पाकिस्तान बहुत बड़ा हमला करने वाला है। मोदी ने ये भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है। ये पाकिस्तान के लिए भी नोटिस है कि जब तक वो भारत के खिलाफ आंतक का रास्ता रोकेगा नहीं तब तक भारत एक्शन लेता रहेगा। पीएम ने कहा कि 9 मई की रात मैंने अमेरिकी उपराष्ट्रपति से कहा कि अगर पाकिस्तान का ये इरादा है तो उसे बहुत महंगा पड़ेगा। अगर पाकिस्तान हमला करेगा तो हम बड़ा हमला करके जवाब देंगे। साथ ही कहा कि हम गोली का जवाब गोले सें देंगे। मोदी ने कहा कि 9 मई की रात और 10 मई की सुबह हमने पाकिस्तान की सैन्य शक्ति को तहस नहस कर दिया था। साथ ही कहा कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है। पाकिस्तान ने दुस्साहस की अगर कल्पना की तो उसे करारा जवाब दिया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में किसी भी देश ने भारत को अपनी सुरक्षा में कार्रवाई करने से रोका नहीं। यूएन के 193 देशों में सिर्फ 3 देशों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के समर्थन में बयान दिया था। क्वॉड, ब्रिक्स, फ्रांस, रुस, जर्मनी सबने भारत को समर्थन दिया। दुनिया का समर्थन मिला लेकिन ये दुर्भाग्य है कि मेरे देश के वीरों के पराक्रम को कांग्रेस का समर्थन नहीं मिला। मोदी ने कांग्रेस सरकार के दौरान की डिप्लोमेसी पर अटैक करते हुए कहा कि मुंबई हमले के बाद भी कांग्रेस का पाकिस्तानी प्रेम नहीं रुका। मोदी ने कहा कि ये सवाल मुझसे ही पूछ सकते हैं और किससे पूछ सकते हैं। उन्होंने कहा कि पहले पूछने वालों को जवाब देना होगा। किसकी सरकार ने पीओके पर पाकिस्तान को कब्जा करने का अवसर दिया था। जवाब साफ है। मोदी ने एक शेर पड़ा और कहा कि-लम्हों ने खता की और सदियों ने सजा पाई। साथ ही कहा कि आजादी के बाद से ही जो फैसले लिए गए उनकी सजा आज तक देश भुगत रहा है। उन्होंने अक्साई चिन से लेकर रण ऑफ कच्छ तक का जिक्र किया। साथ ही हाजीपीर वापस करने की भी याद दिलाई। मोदी ने कहा कि 1971 में पीओके वापस लेने का मौका था जिसे छोड़ा गया। कम से कम करतापुर साहब को तो ले सकते थे। साथ ही कहा कि कांग्रेस को मौका नहीं मिला नहीं तो कांग्रेस सियाचिन से सेना हटा रही थी और आज सियाचिन हमारे पास नहीं होता। जवाहर लाल नेहरु के वक्त में हुए सिंधु जल समझौते को लेकर भी पीएम ने कांग्रेस को खूब घेरा। साथ ही कहा कि ये समझौता देश के खिलाफ था।




*योग एक तकनीक है। अगर आप इसका इस्तेमाल करना सीख लेते हैं, तो यह काम करती है। इससे फर्क नहीं पड़ता आप कहां से आए हैं या आप किसमें विश्वास करते हैं या विश्वास नहीं करते।*

**- जग्गी वासुदेव**

## ज्ञान-विज्ञान

# नवंबर में धरती पर होगा एलियंस का हमला?

**हार्वर्ड विश्वविद्यालय के खगोलविद का दावा, तेजी से बढ़ रहा है 20KM बड़ा विमान!**





एलियंस को लेकर सालों से अजीब अजीब दावे किए जाते रहे हैं। कई वैज्ञानिकों का मानना है कि ब्रह्मांड में सिर्फ पृथ्वी ही नहीं हो सकता है जहां जीवन है, बल्कि कई ऐसे ग्रह हो सकते हैं, जहां जीवन होने की संभावना है। एलियंस को लेकर सैकड़ों फिल्में बन चुकी हैं, थ्योरी लिखे जा चुके हैं और दावा तो यहां तक किया गया है कि अमेरिका ने एक एलियन को पकड़ रखा है, जिसपर 'एरिया-51' में रिसर्च होता है। इस बीच एक नये स्टडी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पृथ्वी की तरफ एक अंतरिक्ष यान काफी तेज रफ्तार से बढ़ रहा है और वो विमान एलियंस का हो सकता है। स्टडी रिपोर्ट में कहा गया है कि नवंबर तक एलियन हमारे ग्रह तक पहुंच सकते हैं और हमला कर सकते हैं।

शोधकर्ताओं ने दावा किया है कि पृथ्वी की तरफ तेज रफ्तार से बढ़ रहा ऑब्जेक्ट 3I/ATLAS (जिसे पहले A11pl3Z के रूप में जाना जाता था), वो एक एलियन विमान हो सकता है, जो हमारे ग्रह पर एक आश्चर्यजनक हमला कर सकता है। इस स्टडी रिपोर्ट को जारी करने वाले वैज्ञानिक का नाम एवी लोएब है, जो हार्वर्ड विश्वविद्यालय में खलोगविद् हैं। उन्होंने एलियंस के ऊपर एक किताब भी लिखी है और वो हमेशा से दावा करते रहे हैं कि पृथ्वी पर एलियंस का हमला होना निश्चित है।

### पृथ्वी पर एलियंस के हमले का दावा कितना सही?

आपको बता दें कि 3I/ATLAS नाम के इस ऑब्जेक्ट को सबसे पहले चिली के एक टेलीस्कोप से देखा गया था और उसका आकार करीब 20 किलोमीटर के होने का अनुमान है। इस ऑब्जेक्ट की रफ्तार 60 किलोमीटर प्रति सेकंड होना मापा गया है। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि ये ऑब्जेक्ट कोई क्षुद्रग्रह हो सकता है, लेकिन हार्वर्ड के वैज्ञानिक एवी लोएब ने इसके एलियंस का विमान होने का दावा किया है। एवी लोएब की टीम में कई और वैज्ञानिक शामिल हैं, जिनमें लंदन स्थित इनिशिएटिव फॉर इंटरस्टेलर स्टडीज़ के एडम हिबर्ड और एडम क्राउल भी हैं। इन वैज्ञानिकों का कहना है कि 3I/ATLAS नाम का ये ऑब्जेक्ट इस तरह की ऑर्बिट से आगे बढ़ रहा है कि नवंबर 2025 में ये सूर्य के काफी करीब पहुंच जाएगा और ऐसी स्थिति में ये पृथ्वी से पूरी तरह अदृश्य हो जाएगा। इस दौरान वो बिना नजर आए काफी तेज रफ्तार से हमला करने की स्थिति में आ सकता है।

हालांकि इन वैज्ञानिकों का ये भी कहना है कि ऐसा सिर्फ अनुमान है और जरूरी नहीं की ऐसा सच में हो। लेकिन ये असाधारण है और इसके ऊपर तेजी से और काफी नजदीकी स्टडी किए जाने की जरूरत है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर इस थ्योरी में वाकई सच्चाई है तो इसका मानवता के लिए गंभीर और विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। आपको बता दें कि एवी लोएब अकसर क्षुद्रग्रहों को लेकर ऐसे अजीब दावे करते रहते हैं। इससे पहले भी उन्होंने 2017 में ओउमुआमुआ नाम के एक क्षुद्रग्रह को लेकर ऐसा ही दावा किया था कि वो एलियन का यान है। लेकिन बाद में वो क्षुद्रग्रह ही निकला था।

New Delhi

# अलकायदा की महिला आतंकी शमा परवीन बेंगलुरु से गिरफ्तार, गुजरात एटीएस का बड़ा एक्शन

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** अलकायदा टेरर मॉड्यूल केस में गुजरात एटीएस को बड़ी कामयाबी मिली है. गुजरात एटीएस ने बेंगलुरु से अलकायदा टेरर मॉड्यूल की महिला आतंकी को गिरफ्तार किया है.

कर्नाटक की रहने वाली शमा परवीन अल कायदा का पूरा मॉड्यूल चला रही थी. इस महिला आतंकी को गुजरात ATS ने कर्नाटक से गिरफ्तार किया है. इस संबंध में पूछताछ जारी है. 30 साल की शमा परवीन AQIS की मुख्य महिला आतंकी है. गिरफ्तार महिला आतंकी शमा परवीन झारखंड मूल की है. लेकिन फिलहाल बेंगलुरु में रह रही थी. उसका सोशल मीडिया अकाउंट



भी रडार पर था. गुजरात के गृहराज्य मंत्री हर्ष संघवी ने महिला आतंकवादी की गिरफ्तारी के संबंध में कहा कि गुजरात पुलिस ने ऑनलाइन आतंकी मॉड्यूल को तोड़ने में सफलता हासिल की है. गुजरात एटीएस को बधाई. चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है. आतंकवादी महिला को गिरफ्तार किया गया है. यह महिला पाकिस्तान के लोगों के सीधे संपर्क में थी. इससे पहले गुजरात एटीएस ने अल कायदा से जुड़े एक खतरनाक मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए 4 आतंकियों को गिरफ्तार किया था. इनमें से दो को गुजरात, एक को नोएडा और एक को दिल्ली से अरेस्ट किया गया था. अधिकारियों के अनुसार, यह मॉड्यूल पहले सामने आए आतंकी नेटवर्क से बिल्कुल अलग था.

Uttarpradesh

## लखनऊ में दारोगा की मौत के बाद हाईवोल्टेज ड्रामा, शव लेने के लिए भिड़ीं दो पत्नियां



**लखनऊ, (एजेंसी)** लखनऊ में एक दारोगा की मौत के बाद शव लेने के लिए उसकी दो पत्नियां आपस में भिड़ गईं. दोनों के बीच जमकर हंगामा हुआ, नौबत मारपीट तक पहुंच गई. मौके पर पहुंची गुडंबा थाने की पुलिस ने किसी तरह विवाद शांत कराया. आखिर में शव को दारोगा के पिता के सुपुर्द कर दिया गया. अंतिम संस्कार जौनपुर में किया गया.

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, दारोगा संजय पाठक ने दो शादियां की थीं. वह उरई में पोस्टेड थे और दूसरी पत्नी के साथ लखनऊ में रह रहे थे. पहली पत्नी उनके गृह जिले जौनपुर में ही रहती थी. उससे उन्हें तीन बेटियां और एक बेटा है. सोमवार रात दारोगा की अचानक तबीयत खराब हो गई. अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. पहली पत्नी चंद्रकुमारी ने दारोगा पति की मौत को संदिग्ध माना और परिवार समेत लखनऊ पहुंच गई. मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद जब शव लेने की बारी आई तो दूसरी पत्नी आराधना और चंद्रकुमारी में खींचतान शुरू हो गई. एक तरफ चंद्रकुमारी शव उन्हें सौंपने की मांग करने लगी. दूसरी तरफ आराधना भी शव पर हक जताने लगी. दोनों महिलाएं दारोगा के शव को लेकर आपस में भिड़ गईं. बवाल बढ़ने पर स्थानीय पुलिस मौके पर आई. उसने बीच बचाव किया. बातचीत के बाद शव को मृतक के पिता को दे दिया गया. पिता शव लेकर जौनपुर के लिए निकल गए.

Jammu

## अमरनाथजी यात्रा एक दिन के लिए स्थगित... भारी बारिश के कारण लिया गया फैसला



**जम्मू, (एजेंसी)** सूचना एवं जनसंपर्क, जम्मू और कश्मीर की ओर से बताया गया है कि 30 जुलाई 2025 को श्रीअमरनाथ यात्रा को पहलगाम और बालटाल दोनों आधार शिविरों से एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है। कश्मीर के संभागीय आयुक्त विजय कुमार बिधूड़ी ने जानकारी दी कि आज सुबह से लगातार भारी बारिश के कारण बालटाल और नुनवान/चंदनवारी दोनों मार्गों से यात्रा को अनुमति नहीं दी गई है। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है।

Jammu & Kashmi

## महादेव के बाद जारी है ऑपरेशन शिवशक्ति! सेना ने मार गिराए दो पाकिस्तानी आतंकी

**पुंछ, (एजेंसी) जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास भारतीय सुरक्षा बलों ने एक बड़ी घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया। यह घटना बुधवार तड़के हुई, जहां सुरक्षा बलों ने संदिग्ध गतिविधियों को भांपकर तुरंत कार्रवाई की।**

सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों को घुसपैठ की कोशिश करते हुए देखा। जवानों ने तुरंत कार्रवाई की और भारी गोलीबारी के बीच दोनों आतंकवादी मारे गए। ऑपरेशन महादेव के बाद सेना ने बताया कि उसका ऑपरेशन शिवशक्ति जारी है। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने घटनाक्रम की जानकारी देते हुए एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "ऑपरेशन शिवशक्ति। भारतीय सेना ने



नियंत्रण रेखा पार कर घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकवादियों को मार गिराया। त्वरित कार्रवाई और सटीक गोलाबारी ने उनके नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया। तीन हथियार बरामद किए गए हैं। हमारी खुफिया इकाइयों और जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिली समन्वित खुफिया सूचनाओं के आधार पर यह अभियान सफल रहा।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज का सूपड़ा साफ किया, पांचवां T20 भी तीन विकेट से जीता, इंग्लिश-ओवेन चमके

**सेंट किट्स,(एजेंसी)** ऑस्ट्रेलिया ने पांचवां और आखिरी टी20 मैच तीन विकेट से जीतकर वेस्टइंडीज दौरे का अंत 8-0 से जीत के साथ किया है। कंगारुओं ने टेस्ट सीरीज 3-0 से जीती और इसके बाद पांचों टी20 भी अपने नाम किए। ऑस्ट्रेलिया की इस जीत में टॉस ने भी अहम भूमिका निभाई। लगातार आठवीं बार टॉस जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को पहले बल्लेबाजी के न्योता दिया। वेस्टइंडीज की टीम दो गेंद बाकी रहते 170 रन पर ऑलआउट हो गई। शिमरोन हेटमायर ने 52 और शेरफान रदरफोर्ड ने 35 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 18 गेंद बाकी रहते सात विकेट पर 173 रन बना लिए और मैच जीत लिया। मिचेल ओवन ने 37 रन और कैमरन ग्रीन ने 32 रन की पारी खेली।

वेस्टइंडीज दौरे पर ऑस्ट्रेलिया ने पहले तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली। बारबाडोस ने



पहला टेस्ट कंगारुओं ने 159 रन से अपने नाम किया। फिर ग्रेनाडा में दूसरा टेस्ट ऑस्ट्रेलिया ने 133 रन से जीता। फिर जमैका में तीसरे डे-नाइट टेस्ट को भी कंगारुओं ने 176 रन से अपने नाम किया। इसके बाद दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली गई। जमैका में शुरुआती दो टी20 खेले गए। पहला मैच ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट से और दूसरा टी20 आठ विकेट से अपने नाम किया। इन दो मैचों के बाद रसेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया। फिर अगले तीन टी20 सेंट किट्स में खेले गए। तीसरे टी20 को ऑस्ट्रेलिया ने छह विकेट से चौथे टी20 को तीन विकेट से और आखिरी टी20 को भी तीन विकेट से अपने नाम किया। इस तरह वेस्टइंडीज दौरे का अंत ऑस्ट्रेलिया ने 8-0 के साथ किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही थी। 64 रन तक टीम ने चार विकेट गंवा दिए थे। ब्रैंडन किंग 11 रन, कप्तान शाई होप नौ रन और कीसी कार्टी एक रन बनाकर आउट हुए। वहीं, शेरफेन रदरफोर्ड ने 17 गेंद में छह चौके और एक छक्के की मदद से 35 रन की पारी खेली। इसके बाद हेटमायर ने होल्डर के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 47 रन की साझेदारी निभाई। होल्डर 15 गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 20 रन की पारी खेली। रोमारियो शेफर्ड कुछ खास नहीं कर सके और आठ रन बनाकर आउट हुए। हेटमायर ने अर्धशतक लगाया। वह 31 गेंद में तीन चौके और तीन छक्कों की मदद से 52 रन बनाकर आउट हुए। मैथ्यू फोर्डे ने 15 रन, अल्जारी जोसेफ ने तीन और अकील हुसैन ने 11 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से बेन ड्वारशुइस ने तीन विकेट लिए, जबकि नाथन एलिस को दो विकेट मिले। एरॉन हार्डी, शॉन एबॉट, ग्लेन मैक्सवेल और एडम जैम्पा को एक-एक विकेट मिला।

## 'महावतार नरसिम्हा' ने 'सैयारा' की सुनामी को किया साइड, लव स्टोरी से ज्यादा बिके एनिमेटेड फिल्म के टिकट




KGF-कांतारा जैसी फिल्में दे चुके होम्बाले फिल्म्स की नई फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' इन दिनों थिएटर्स में धमाल मचा रही है. बिना किसी खास प्रमोशन या चर्चा के रिलीज हुई इस फिल्म ने पहले ही दिन से जनता का दिल जीतना शुरू कर दिया. भारतीय फिल्म दर्शकों में एनिमेटेड फिल्मों का क्रेज इस कदर है कि यहां कामयाब होने वाली सबसे बड़ी हॉलीवुड फिल्मों में से तीन एनिमेटेड फिल्में हैं- द जंगल बुक (2016), द लायन किंग (2019) और मुफासा (2024). लेकिन भारतीय एनिमेटेड फिल्में दर्शकों को बहुत इम्प्रेस नहीं कर पाई हैं. अब बहुत लिमिटेड स्क्रीन्स पर रिलीज हुई 'महावतार नरसिम्हा' ने पहले वीकेंड में ही ऐसी भीड़ जुटाई जिसकी उम्मीद किसी को नहीं थी. 'महावतार नरसिम्हा' भारत की सबसे बड़ी एनिमेटेड फिल्म बन चुकी है. अब तो ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पिछले दो हफ्ते से सुनामी ला रही 'सैयारा' को भी पीछे छोड़ने लगी है. दो न्यूकमर्स की डेब्यू फिल्म 'सैयारा' पिछले 11 दिन से बॉक्स ऑफिस पर लगातार जोरदार परफॉर्म कर रही है. बीता वीकेंड, बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का दूसरा वीकेंड था और इसकी कमाई पहले वीकेंड के मुकाबले बमुश्किल 10%-12% ही कम हुई.

## Highlights

1. Plane made in B'desh falsely shared as Bihar teen's ₹7000 creation
2. Mother seen abandoning her 1-yr-old baby at bus stop as she elopes with Insta lover in T'gana
3. 2,187 cr people travelled in train general coaches in last 5 yrs
4. Man reverses car to hit elderly man after minor collision, booked
5. Himanta ramps up attack on Gogoi's 'ties with Pak' after LS speech

# Top AI researcher rejects Meta's staggering $1 billion offer: Report




**NEW DElHI, (Agency).** After successfully poaching some top AI researchers from OpenAI, Meta founder Mark Zuckerberg seems to have set his eyes on a new target – Mira Murati's Thinking Machines Lab. This time, however, Zuckerberg's attempts to poach talent for the newly formed Meta Superintelligence Labs may have hit a roadblock.

According to a report in Wired, not a single person at Thinking Machines Lab has accepted Meta's offer.

The rejections come in spite of Meta dangling staggering paychecks as enticement. One person was offered $1 billion over a multi-year span, the report stated. Others were offered between $200 million and $500 million to be vested over a period of four years, multiple sources confirmed to Wired.

"So far at Thinking Machines Lab, not a single person has taken the offer," the report said.

What is Thinking Machines Lab?

Thinking Machines Lab is an artificial intelligence research and product company led by Mira Murati, the former chief technology officer of OpenAI. The startup was valued at $12 billion in its seed round despite not having launched a product yet.

What is Thinking Machines Lab?

Thinking Machines Lab is an artificial intelligence research and product company led by Mira Murati, the former chief technology officer of OpenAI. The startup was valued at $12 billion in its seed round despite not having launched a product

# India-born Shailesh Jejurikar to be next CEO of FMCG giant Procter & Gamble

**Ahmedabad, (Agency).** American FMCG major Procter & Gamble Company has named India-born Shailesh Jejurikar as its next chief executive officer, who will lead the consumer goods multinational from January 1, 2026.

Jejurikar (58), who joined Procter & Gamble (P&G) as an assistant brand manager in 1989, will replace Jon Moeller as part of a top leadership transition, according to a statement from the Cincinnati, Ohio-based company.

He is serving as chief operating officer of P&G for over



last six years and is also a board member of vertical transportation systems maker Otis Elevator Co. "Shailesh Jejurikar...will succeed Jon Moeller as Procter & Gamble's President and Chief Executive Officer, effective January 1, 2026. The Board has also nominated Jejurikar to stand for election as a Director at the annual shareholder meeting in October 2025," a statement from P&G said. He helped build several of P&G's core businesses, including global Fabric Care and Home Care in regions including North America, Europe, Asia and Latin America. He has also helped lead the development of the company's renewed strategies and operational results in the Supply Chain, Information Technology and Global Business Services. P&G is a leading FMCG company in India market also, operating with brands including, Ariel, Tide, Whisper, Olay, Gillette, Ambipur, Pampers, Pantene, Oral-B, Head & Shoulders and Vicks.

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

## "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

## - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे।

Email - babapandit.in@gmail.com


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक